प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा– भारत मानवाधिकारों की रक्षा व सम्मान के लिए प्रतिबद्ध।
- प्रदेश सरकार का 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर कल मंडी के पड्डल मैदान में जन संकल्प सम्मेलन का होगा आयोजन।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल का आरोप– जन संकल्प सम्मेलन सरकार की विफलताओं को छुपाने का प्रयास।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए ज़मीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता पर दिया बल।
- एंटी चिट्टा अभियान के तहत प्रदेश पुलिस व औषधि विभाग ने विभिन्न स्थानों पर 20 दवा निर्माण इकाईयों का किया निरीक्षण।

राष्ट्रपति मानवाधिकार दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत एक ऐसा राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है जहां मानवाधिकारों की न केवल रक्षा की जाती है बल्कि उनका सम्मान भी किया जाता है। नई दिल्ली में मानवाधिकार दिवस 2025 और दैनिक आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि गरिमा पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता और किसी को भी उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि मानवाधिकार दिवस एक न्यायपूर्ण, समतावादी और करुणामय समाज की पृष्ठभूमि तैयार करता है। उन्होंने कहा कि भारत ने मानवाधिकारों के वैश्विक ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

जन संकल्प सम्मेलन

प्रदेश की कांग्रेस सरकार का 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर कल 11 दिसंबर को मंडी के पड्डल मैदान में जन संकल्प सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि ये सम्मेलन प्रदेश की नीतियों, उपलब्धियों और विकास की दिशा को जनता के सामने प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे मंडी ज़िला संवाददाता............

राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार के 3 साल का कार्यकाल पूर्ण होने के मौके पर कल 11 दिसंबर को मंडी में आयोजित किए जाने वाले जश्न को जनता के साथ धोखा करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने 3 साल के कार्यकाल में जनता से किए किसी भी वायदे को पूरा नहीं किया है और अब एक बार फिर लोगों को गुमराह करने के लिए जश्न का नाम बदलकर संकल्प रख दिया। राजीव बिंदल ने कहा कि नया संकल्प वास्तव में सरकार की विफलताओं को छुपाने का प्रयास है।

लोकभवन

हिमाचल प्रदेश में अब राजभवन का नाम बदलकर लोकभवन कर दिया गया है। इस संबंध में जारी अधिसूचना के अनुसार अब सभी आधिकारिक पत्राचार, दस्तावेज, भवन संकेतक, वैबसाईट और अन्य रिकॉर्ड में राजभवन की जगह लोकभवन नाम का प्रयोग किया जाएगा। ये परिवर्तन केंद्र सरकार के

उस निर्णय के बाद लागू हुआ है, जिसके अनुसार देशभर के सभी राजभवन अब लोक भवन के रूप में पहचाने जाएंगे।

उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अधिकारियों को ऊना ज़िले के हरोली क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाओं का जायज़ा लिया। उप–मुख्यमंत्री ने बताया कि बीत क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रही है और 15 ट्यूबवैलों का निर्माण तेज़ गति से जारी है। अग्निहोत्री ने कहा कि पोलियां में 50 लाख लीटर क्षमता वाला भंडारण टैंक पूर्ण रूप से तैयार हो चुका है और ये प्रदेश के बड़े भंडारण टैंकों में से एक है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कृषि वैज्ञानिकों से प्राकृतिक खेती को बेहतर बनाने के लिए और अधिक प्रयास करने का आह्वान किया है। सोलन ज़िले के नौणी स्थित डॉक्टर यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने ये बात कही। शिव प्रताप शुक्ल ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए ज़मीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर रासायनिक निर्भरता कम करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा की गई पहल की सराहना की। राज्यव्यापी नशाविरोधी अभियान का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने युवाओं से नशामुक्त हिमाचल के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील भी की। दीक्षांत समारोह में कुल 8 सौ 55 उपाधियां प्रदान की गईं। इस दौरान भारत सरकार के कृषि वैज्ञानिक चयन बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर संजय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

एंटी चिट्टा पहल

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा शुरू किए गए प्रदेशव्यापी एंटी चिट्टा अभियान के तहत प्रदेश पुलिस व औषधि विभाग द्वारा आज विभिन्न स्थानों पर 20 दवा निर्माण इकाईयों का निरीक्षण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य प्रतिबंधित दवाओं के अवैध निर्माण पर रोक लगाना और दवाओं की अवैध तस्करी को रोकना है। अभियान के दौरान दवा निर्माण इकाईयों के लाइसेंस की पुष्टि, दस्तावेजों की जांच, स्टॉक ऑडिट और भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ऊना व बिलासपुर में 2–2, सोलन में 4, सिरमौर व पुलिस ज़िला नूरपुर में एक–एक, जबकि पुलिस ज़िला बद्दी में 10 इकाईयों का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर बंद स्थायी व अस्थायी रूप से निलंबित और समर्पित लाइसेंस वाली 4 दवा निर्माण इकाईयों में अनियमितताएं पाई गईं और इनके खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाईक ने कहा है कि राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का उद्देश्य भारत को ग्रीन हाइड्रोजन और इसके उत्पादन उपयोग व निर्यात को वैश्विक केंद्र बनाना है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि मंत्रालय ने एन.जी.एच.एम. के अंतर्गत परिवहन क्षेत्र में ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग के लिए पायलट परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए योजना दिशा–निर्देश जारी किए हैं।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा– भारत मानवाधिकारों की रक्षा व सम्मान के लिए प्रतिबद्ध।

- प्रदेश सरकार का 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर कल मंडी के पड्डल मैदान में जन संकल्प सम्मेलन का होगा आयोजन।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल का आरोप– जन संकल्प सम्मेलन सरकार की विफलताओं को छुपाने का प्रयास।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए ज़मीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता पर दिया बल।
- एंटी चिट्टा अभियान के तहत प्रदेश पुलिस व औषधि विभाग ने विभिन्न स्थानों पर 20 दवा निर्माण इकाईयों का किया निरीक्षण।